जय जय जय हनुमान गोसाईं कृपा करो महाराज

दोहा: बेगी हरो हनुमान महाप्रभु, जो कछु संकट होए हमारो |
कौन से संकट मोर गरीब को जो तुम से नहीं जात है टारो ||

जय जय जय हनुमान गोसाईं, कृपा करो महाराज |

तन मे तुम्हरे शक्ति विराजे, मन भक्ति से भीना |
जो जन तुम्हरी शरण मे आये, दुःख दरद हर लीना |
महावीर प्रभु हम दुखियन के तुम हो गरीब नवाज ||

राम लखन वैदेही तुम पर सदा रहे हर्षाये |
हृदय चीर के सारे जग को, राम सीय दर्शाए |
दोऊ कर जोड़ अरज हनुमंता कहिओ प्रबु से आज ||

राम भजन के तुम हो रसिया, हनुमत मंगलकारी |
अर्चन वंदन करते तेरा दुनिया के नर नारी |
राम नाम जप के हनुमंता बने भगतन सरताज ||

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/45/title/Jai-Jai-Jai-Hanumaan-Gosain-kripa-karo-maharaaj

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |